## नियम 14 : समय बढाने की शक्ति

अपील अधिकरण इन नियमों द्वारा नियुक्त या किसी आदेश द्वारा निर्धारित समय को, कोई कार्य करने या कोई कार्यवाही करने के लिए, ऐसे निबंधनों पर, यदि कोई हों, बढ़ा सकेगा जैसा कि मामले का न्याय अपेक्षित करे, और किसी विस्तार का आदेश दिया जा सकेगा, यद्यपि उसके लिए आवेदन नियत या अनुज्ञात समय की समाप्ति तक नहीं किया जाता है।